स0स0 3/जन–02/2022

**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

**रेणु कुमारी,**
**विशेष कार्य पदाधिकारी ।**

सेवा में,

**सभी नियंत्री पदाधिकारी,**
**स्वास्थ्य विभाग, बिहार (आई0जी0आई0एम0एस0, शेखपुरा, पटना सहित)**

पटना, दिनांक :

**विषयः अपने अधीनस्थ कार्यरत सभी चिकित्सक/स्वास्थ्य कर्मी (संविदा नियोजित सहित) को कार्तिक पूर्णिमा (दिनांक 05.11.2025) को अवकाश स्वीकृति एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर दिशानिर्देश के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में निदेशानुसार कहना है कि राज्य में **कार्तिक पूर्णिमा** के दौरान विभिन्न घाटों पर भीड–भाड आदि बढने की सम्भावना के मद्देनजर सभी कार्यरत चिकित्सक/स्वास्थ्य कर्मी (संविदा नियोजित सहित) का दिनांक **05.11.2025** को सामान्यतः सभी प्रकार के अवकाश (विभाग द्वारा स्वीकृत अवकाश को छोडकर) सामान्य परिस्थिति में स्वीकृत नहीं किए जायेंगे।

02. विशेष परिस्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए अवकाश स्वीकृत किए जा सकेंगे ।

03. उक्त अवधि मे अपने अधीनस्थ सभी चिकित्सीय संस्थानों के आपातकालीन ड्यूटी में सामान्य दिनों के अपेक्षाकृत तीन गुना अधिक चिकित्सक एवं पारामेडिकल कर्मी की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर **Quick Responce** कर सके।

04. सभी घाटो पर एम्बुलेन्स एवं चिकित्सक सहित पारामेडिकल स्टाफ को प्रतिनियुक्त कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी एम्बुलेन्स पर उनके चालक का नाम एव मोबाईल न0 अंकित करना अनिवार्य होगा।

621(3)
4/11/25

विश्वासभाजन
**ह0/–**
**(रेणु कुमारी)**
**विशेष कार्य पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 621(3) /स्वा0, पटना, दिनांक 4/11/25

प्रतिलिपिः कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना/नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना/परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, बिहार, पटना/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, बिहार, पटना/सभी संबंधित अपर निदेशक (मुख्यालय मे पदस्थापित)/सभी प्राचार्य, क्षेत्रीय स्वा0 एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार/सभी क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी, दरभंगा, पटना, मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर/सभी प्राचार्य/अधीक्षक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार/दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहार/राजकीय तिब्बी महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना/राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पटना/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार/निदेशक, आई0जी0आई0एम0एस0, शेखपुरा, पटना/लोकनायक जय प्रकाश नारायण हड्डी अस्पताल, राजबंशीनगर, पटना/आई0जी0आई0सी0, पटना/न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल, पटना/राजेन्द्र नगर अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल, पटना/मानसिक आरोग्यशाला, कोईलवर, भोजपुर/फिल्ड डिमोन्सट्रेशन सेन्टर, राजगीर/यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, दरभंगा एवं पटना/लोक स्वास्थ्य संस्थान, पटना/बिहार रक्त अधिकोष, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना/बिहार रक्त अधिकोष, जयप्रभा अस्पताल, कंकडबाग, पटना/सभी अधीक्षक/उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल/सदर अस्पताल/गुरूगोविन्द सिंह अस्पताल, पटना सिटी, पटना/संक्रामक रोग अस्पताल, अगमकुऑ, पटना/लेडि एल्गिन जनाना अस्पताल, गया/एम0जे0के0 अस्पताल, बेतिया/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रा0स्वा0 केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/रेफरल अस्पताल, बिहार/स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत चिकित्सकों/स्वास्थ्य कर्मियों के सभी नियंत्री पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/मुख्यालय में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि: आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी

D \Old_System_backup\Old System Data\New folder\2025\Letter & Order-07 01 2025 (1) docx-04112025